दिनांक 15 मार्च 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम को 20 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मिले, स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र में आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा स्वच्छता की अलख जगाने 20 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडरों की नियुक्ति महापौर द्वारा की गई है। महापौर नीरज पाल ने 20 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के लिए अलग-अलग विधाओं में प्रतिभा रखने वाले समाजसेवी , पत्रकारिता, उद्योग, फिल्म जगत, चिकित्सा जगत, व्यवसाय जगत, खेल एवं शिक्षण तथा अन्य क्षेत्र के लोगों को शामिल किया है। श्री पाल ने विधायक देवेंद्र यादव की अनुशंसा पर अलग-अलग विधाओं में पारंगत लोगों को स्वच्छता के इस कार्य में योगदान देने के लिए चयन किया है। इस अवसर महापौर श्री पाल ने कहा कि स्वच्छता की परिकल्पना को साकार करने निगम भिलाई प्रशासन अथक प्रयास कर रहा है और स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 5 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के सहयोग व सीधे संवाद से आम जन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता ज्यादा बेहतर होगी और स्वच्छ व सुंदर भिलाई की परिकल्पना को शीघ्र साकार कर पहले पायदान पर आ सकते हैं। इसके पूर्व सभी स्वच्छता एम्बेसडरों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया। स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने विभिन्न चरणों में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए भिलाई निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाने के लिए सिटीजन फीडबैक, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता, होम कंपोस्टिंग और ऐसे कार्य जो स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरो द्वारा उचित माध्यम से लोगों तक अधिक से अधिक पहुंचाया जा सकता है के विषय में चर्चा की गई। नवनियुक्त स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडरों ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगो को साफ सफाई का महत्व बताते हुए शहर को स्वच्छ परिवेश बनाने में भूमिका निभांएगे अपने विभिन्न आयोजनों में स्वच्छता के कार्यों को सम्मिलित करते हुए स्वच्छता का प्रसार करेंगे। आमजन की स्वच्छता में सहभागिता , संबंधी पखवाड़ा के माध्यम से नागरिकों में जनजागृति हेतु हर संभव कार्य करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों की मानिटरिंग कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने आज फिल्म जगत से अनुराग बसु , उद्योग जगत से के.के. झा एवं नितिन गुप्ता , शिक्षा जगत से राजेंद्र कुमार अग्रवाल , संजय ओझा, संतोष राय, आरिफ खान एवं सचिन प्रताप सिंह , सामाजिक गतिविधियों से के. चंद्रशेखर , मुन्ना साहू, संत कुमार केसकर, नितिन फुले, धनराज पारेड, जय गोविंद यादव, चिकित्सा क्षेत्र से डॉक्टर चिरंजीवी ,

पत्रकारिता जगत से राजेंद्र सोनबोइर अन्य क्षेत्रों से संजय जैन , दिलीप देवांगन, राकेश मल्होत्रा एवं राम जसपाल को भिलाई निगम के लिए स्वच्छता एम्बेसडर नियुक्त किए है। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सीज़ू एंथोनी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।